**राज्यपाल सचिवालय**

**राज भवन जयपुर**

**अखिल भारतीय गौ शाला सहयोग परिषद द्वारा महा रक्तदान शिविर आयोजित**

**राज्यपाल श्री बागडे ने शिविर का शुभारंभ किया**

**राज्यपाल ने कहा, रक्तदान महादान और जीवनदान**

जयपुर, 1 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रविवार को अखिल भारतीय गौ शाला सहयोग परिषद द्वारा गौ ऋषि प्रकाशदास जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित महा रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।उन्होंने वहां रक्तदान करने वाले दानदाताओं से संवाद करते हुए उनका अभिनंदन किया और प्रमाणपत्र प्रदान किये।

उन्होंने इस दौरान कहा कि रक्तदान महादान है। यह जीवनदान हैं। यह करके आप कहीं भी किसी की जान बचा सकते हैं। श्री बागडे ने कहा कि मानव जीवन की रक्षा हेतु रक्तदान अमूल्य है। इसके लिए निरंतर जागरूकता की जाए और अधिकाधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित किया जाए।

राज्यपाल श्री बागडे ने गौ ऋषि प्रकाशदास जी महाराज की प्रेरणा से आयोजित रक्तदान शिविर को महत्वपूर्ण बताया। आरंभ में राज्यपाल को अखिल भारतीय गौ सेवा सहयोग परिषद के डा. अतुल गुप्ता ने रक्तदान और गौ सेवा से जुड़ी गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया।

----

सुरभय: नम:
।। रक्तदान है सबसे ऊँचा, इसके जैसा दान है ना दूजा ।।
ब्रम्हा ऋषि संत श्री दादू दयाल जी महाराज व पूज्य गौमाता के आशीर्वाद तथा
पूज्य गौऋषि श्री स्वामी प्रकाश दास जी महाराज
की प्रेरणा से सारस्वत विकास परिषद् (कुंडीय) जयपुर के तत्वाधान में
महा रक्तदान शिविर
रविवार, दिनांक 01 सितम्बर 2024 | समय : प्रात: 9 बजे से 4 बजे तक